हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 6 अक्टूबर 2024
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



# शहर में खुलेंगी और 55 नई राशन दुकानें, हितग्राहियों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में राशन कार्ड धारकों को बिना किसी परेशानी के आसानी से खाद्यान्न मिल सके, इसके लिए खाद्य विभाग 55 और नई दुकानें खोलने जा रहा है। इन दुकानों को खोलने के पीछे विभाग की मंशा है कि प्रत्येक दुकान में पंजीकृत कार्ड धारकों की संख्या 5 सौ से अधिक न हो। शहर में संचालित ऐसी कई दुकानें हैं, जहां अभी भी एक हजार से अधिक पंजीकृत कार्ड धारक हैं। इसके कारण इन दुकानों में अभी भी हितग्राहियों की भीड़ लग रही है। इसे देखते हुए विभाग अब 55 और नई दुकानें खोलने जा रहा है, ताकि दुकानों में पंजीकृत कार्ड धारकों की संख्या का अनुपात बराबर रहे।

अलग खबर

विभागीय अधिकारियों के अनुसार नगर निगम रायपुर क्षेत्र में 55 नई राशन दुकान खोलने के लिए अनुमोदन प्रस्ताव को स्वीकृति मिल चुकी है। इसके साथ ही अब जल्द ही इन दुकानों को आबंटन के लिए विज्ञापन जारी कर आवेदन मंगाए जाएंगे। आवेदन देने के लिए निर्धारित अवधि तय की जाएगी। तय अवधि के दौरान आवेदनों के दस्तावेजों का परीक्षण के बाद दुकानें आबंटित की जाएंगी। नई दुकानें कौन-कौन से वार्ड में खुलेंगी, इसका भी निर्धारण कर लिया गया है। इसके तहत 29 वार्डों में ये दुकानें खोली जानी हैं।

## विज्ञापन जारी कर आवेदन मंगाए जाएंगे

### पहले से 228 दुकान संचालित

शहर में पहले से 228 राशन दुकानें संचालित है। इनमें से 98 दुकानों को पिछले वर्ष जुलाई माह में खोला गया था। अब और 55 नई दुकानें खुलने के बाद इसकी संख्या 283 पहुंच जाएगी।



### नई दुकानों के प्रस्ताव को मंजूरी

कलेक्टर की मंशा है कि हितग्राहियों को राशन लेने में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसे ध्यान में रखकर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में 55 नई राशन दुकान खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इन दुकानों के लिए आवेदन जल्द मंगाए जाएंगे।

- भूपेंद्र मिश्रा, जिला खाद्य नियंत्रक

नई दुकानें इन वार्डों में खुलेंगी

| वार्ड क्र. | संख्या | वार्ड क्र. | संख्या |
|---|---|---|---|
| 2 | 2 | 42 | 4 |
| 4 | 1 | 43 | 1 |
| 5 | 1 | 44 | 1 |
| 7 | 2 | 46 | 3 |
| 13 | 1 | 47 | 1 |
| 16 | 4 | 50 | 2 |
| 17 | 2 | 52 | 2 |
| 18 | 2 | 55 | 1 |
| 20 | 1 | 60 | 2 |
| 30 | 1 | 61 | 4 |
| 27 | 1 | 64 | 2 |
| 32 | 2 | 65 | 1 |
| 36 | 2 | 66 | 2 |
| | | 67 | 2 |
| | | 68 | 2 |
| | | 69 | 2 |

## खबर संक्षेप

### पंवार क्षत्रिय समाज का चुनाव 20 को

रायपुर। पंवार क्षत्रिय समाज संगठन की आगामी त्रिवार्षिक 2024-27 नई कार्यकारिणी के लिए चुनाव होगा। समाज के वर्तमान अध्यक्ष डॉ. रमेश रहांगडाले के मुताबिक, चंगोराभाठा स्थित पंवार क्षत्रिय सभा भवन में 20 अक्टूबर रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान प्रक्रिया चलेगी। शाम 5 बजे के बाद मतगणना शुरू होगी। नामांकन प्रपत्र एवं नाम वापसी संबंधी प्रपत्र संगठन के कार्यालय से 8 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लिए जा सकेंगे। सभी सदस्यों को पहचान पत्र के साथ मतदान के लिए आने का आग्रह किया गया है।

### संत गुलाब बाबा की पालकी यात्रा में उमड़ा जनसैलाब



रायपुर। संत गुलाब बाबा फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा टैगोर नगर स्थित शिव पार्वती मंदिर में संत गुलाब बाबा भक्त मंडल रायपुर के तत्वावधान में 16वीं वर्षगांठ एवं पालकी यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में महाराष्ट्र के मुंबई, नासिक, नागपुर, टाकरखेड़, मध्यप्रदेश से सागर, दमोह, हट्टा, जबलपुर, भोपाल और सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ से गुलाब बाबा के भक्त एकत्रित हुए और सभी श्रद्धालुओं ने पालकी यात्रा के दर्शन किए व भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान 50 से अधिक कलाकारों ने राउत नाचा व पंथी नाचा की रंगारंग प्रस्तुति दी। 3 अक्टूबर की शाम से शुरू हुए इस कार्यक्रम में वैष्णव महाराज ऋत्विज ने भजन प्रस्तुत किए। गुलाब बाबा ट्रस्ट के प्रबंध ट्रस्टी ने बताया कि प्रातः 6.32 से पं. पुरुषोत्तम डोंगरे ने दुग्धाभिषेक व पूजा प्रारंभ की, तत्पश्चात 10.32 बजे महाआरती के साथ 4 घोड़े व 2 ऊंट के 3 रथों में पालकी यात्रा की शुरुआत हुई, जो टैगोरनगर स्थित मंदिर से शुरू हुई व बूढ़ी माई चौक होते हुए शैलेंद्र नगर के बाद कटोरा तालाब मुख्य मार्ग होते हुए वापस टैगोरनगर स्थित मंदिर में पुनः महाआरती के साथ समाप्त हुई।

### एक हजार महिलाओं के साथ सावित्री वापस भाजपा में

रायपुर। एकात्म परिसर में रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, रायपुर जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल, पूर्व सांसद सुनील सोनी और अशोक बजाज सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में उत्कल समाज की सावित्री जगत ने शुक्रवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सावित्री जगत के नेतृत्व में 1 हजार की संख्या में महिलाओं ने भी भाजपा का दामन थामा।

### नक्सली हमले में घायल जवानों से मिलने पहुंचे डिप्टी सीएम

रायपुर। नक्सलियों से मुठभेड़ में घायल डीआरजी के जवान रामचंद्र यादव से मिलने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा शुक्रवार देर रात राजधानी के श्री नारायणा अस्पताल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने घायल जवान से उनका हालचाल जाना तथा घटना की जानकारी भी ली।उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि मुठभेड़ में 28 नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं, सर्चिंग ऑपरेशन अभी भी जारी है। नक्सलियों से कहना चाहता हूं कि सभी को घर पर वापस आना चाहिए। छत्तीसगढ़ की सरकार अच्छी सरेंडर पालिसी के साथ सामने आ रही है, मुख्य धारा पर सभी लौटें।

### आदिम जाति तथा अजा विकास विभाग के उपायुक्त निलंबित

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के उपायुक्त प्रज्ञान सेठ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई उनके द्वारा प्रदेश के प्रयास आवासीय विद्यालयों के अध्यापन के लिए चयनित कोचिंग संस्थाओं की प्रक्रिया को पूर्ण नहीं करने और विभागीय योजनाओं के पर्यवेक्षण में लापरवाही के आरोपों के चलते की गई है।

## महापौर से मांगा जवाब, प्रश्नकाल के पहले गरमाया माहौल

# सामान्य सभा में हंगामा, लाइट मेट्रो पर गरमाया सदन, सभापति के डायस पर चढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम की सामान्य सभा में लाइट मेट्रो ट्रेन को लेकर जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष ने आधे घंटे तक सदन में नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन कर सदन की कार्यवाही बाधित की। पार्षद अमर बंसल लाइट मेट्रो रेल का कटआउट लेकर सदन पहुंचे और आसंदी के सामने नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, उपनेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे सहित अन्य भाजपा पार्षदों के साथ नारेबाजी की। इसके कारण प्रश्नकाल 45 मिनट देर से शुरू हुआ। सामान्य सभा की बैठक शुरू होते ही महापौर के मास्को दौरे पर लाइट मेट्रो ट्रेन के एमओयू का मुद्दा जोर-शोर से उठा। आधा दर्जन भाजपा पार्षद डायस पर चढ़कर सभापति को घेरकर नारे लगाने लगे। सदन की कार्यवाही बाधित होते देख सभापति प्रमोद दुबे ने 10 मिनट के लिए सदन कार्यवाही स्थगित कर दी और सदन की कार्यवाही बाधित करने के लिए पार्षद अमर बंसल, मृत्युंजय दुबे, दीपक जायसवाल, भोलाराम साहू सहित आधा दर्जन भाजपा पार्षदों को 10 मिनट के लिए सदन से निलंबित कर दिया।

■ सभापति ने 4 भाजपा पार्षदों को 10 मिनट के लिए सदन से किया निलंबित





### मृत्युंजय ने पूछा सवाल

*प्रश्नकाल में मृत्युंजय दुबे का प्रश्न रहा, महापौर के कार्यकाल में किन-किन वार्डों में महापौर निधि के कितने कार्य हुए?*

*एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा ने जवाब दिया 2021 से लेकर अब तक अलग-अलग वार्ड में 91 कार्य स्वीकृत हुए। इसके लिए 9 करोड़ 47 लाख रुपए आवंटित किये गये हैं।*

*सामान्य सभा के दौरान नगर निगम के अधिकारी अपने मोबाइल पर ताशपत्ती और कैंडी क्रश गेम खेलते पाये गये। सदन को इसकी जानकारी मिलने पर सभापति प्रमोद दुबे ने संबंधित अधिकारियों को ताकीद करते हुए कहा, अपने पद की गरिमा का ध्यान रखें।*

### नामकरण और जातिप्रमाणपत्र के प्रस्ताव पारित

*सामान्य सभा में नामकरण और जाति प्रमाणपत्र संबंधी 17 प्रस्तावों को चर्चा के बाद सर्व सम्मति से मंजूरी दी गई। इनमें गुढ़ियारी तिलक नगर स्थित सियान सदन का नामकरण वरिष्ठ समाज सेवक स्वर्गीय डॉ. केशव सिंह ठाकुर के नाम पर करने, आक्सीजोन उद्यान का नामकरण पूर्व मंत्री व पूर्व महापौर तरुण चटर्जी के नाम पर करने सहित अन्य प्रस्ताव शामिल रहे।*

### दुकानों की प्रीमियम राशि आवंटन का एजेंडा गिरा

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड को शास्त्री बाजार परिसर की 84 दुकानों के आवंटन के बाद प्रीमियम राशि देने का एजेंडा चौतरफा विरोध के कारण सदन में गिर गया। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा, शास्त्री बाजार की जमीन नगर निगम की है, तो हम स्मार्ट सिटी को दुकानों की प्रीमियम की राशि क्यों दें? उन्होंने पूछा कि अचल संपत्ति अंतरण नियम क्या है? यदि शास्त्री बाजार के प्रापर्टी का टेंडर स्मार्ट सिटी निकालेगा, तो निगम क्या करेगा?

मीनल चौबे ने साइंस कालेज की चौपाटी की दुकानों के टेंडर का मामला उठाया। उनका कहना था कि अनुबंधित एजेंसी 3 लाख 50 हजार किराया के बदले में नगर निगम को केवल 1 लाख 60 हजार रुपये दे रही है, यह गलत है।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष सूर्यकांत राठौर ने कहा कि सदन में पहली बार स्मार्ट सिटी का विषय आया है। शास्त्री बाजार की दुकानों के टेंडर के बिंदु क्या थे, नगर निगम के आधिपत्य की जमीन पर स्मार्ट सिटी ने कौन से नियम व शर्तों के तहत निर्माण कराया है?

### 7 तक के लिए बैठक स्थगित, प्रतिकृति के साथ स्मृति चिन्ह

नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक 7 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी गई है। 22 एजेंडों पर चर्चा के बाद सभापति प्रमोद दुबे ने आसंदी से महापौर एजाज ढेबर एवं नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे से चर्चा कर सहमति के बाद सभा स्थगित करने की घोषणा की है। इससे पूर्व गांधी सदन में महात्मा गांधी सदन के भूतल पर नगर निगम के 70 वार्ड के पार्षदों की परिषद के कार्यकाल की स्मृति संजोने ग्रुप फोटोग्राफी कराई गई। शहरी सरकार के कार्यकाल की अंतिम सभा के दौरान पार्षदों को महात्मा गांधी सदन की प्रतिकृति स्मृति चिन्ह के रूप में सम्मान पूर्व प्रदान की गई। सोमवपर को प्रातः 11 बजे गांधी सदन के सामान्य सभागार में स्थगित सामान्य सभा की बैठक होगी, जिसमें कांजी हाउस स्थित भूतल की दुकान का लीज नवीनीकरण, निगम मुख्यालय के पास पटवारी प्रशिक्षण कार्यालय के सामने निर्मित 3 दुकानों के आवंटन और खम्हारडीह में नई पानी टंकी निर्माण के एजेंडे पर चर्चा होगी।




# फूड कैफे में बिहार, झारखंड, ओडिशा के बच्चों से मजदूरी, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




तेलीबांधा थाने की पुलिस ने बचपन बचाओ आंदोलन की शिकायत पर मरीन ड्राइव स्थित संचालित दो कैफे में बच्चों से जोखिम भरा काम करवाने के कारण अपराध दर्ज किया है। बच्चों को रेस्क्यू कर बाल कल्याण सिमिति के सुपुर्द किया गया है। पुलिस के मुताबिक बचपन बचाओ आंदोलन के राज्य समन्वयक विपिन ठाकुर की शिकायत पर बिहार, झारखंड तथा ओडिशा के चार बच्चों को रेस्क्यू किया गया है। रेस्क्यू किए गए बच्चों की उम्र 16 तथा 17 साल है। पुलिस के अनुसार पाव डोसा कैफे (बड़ा पाव) तथा सिप एंड बाइट रेस्टोरेंट में छापे की कार्रवाई की गई। दोनों कैफे के संचालक अवनीश गंगवानी तथा विशाल बागवानी हैं, के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। कैफे संचालकों पर बच्चों को गर्म भट्ठी में काम करवाने का आरोप है। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि उन्हें किसी कैलाश काटा नाम के व्यक्ति ने अच्छी सैलेरी दिलाने का झांसा देकर कैफे में नौकरी लगवाया था। बच्चों के अनुसार उन्हें जितनी सैलेरी देने करार किया गया था, कैफे संचालक उन्हें कम सैलेरी देकर अपने यहां काम करवा रहे थे। बाल कल्याण समिति बच्चों के परिजनों से संपर्क कर उनके सुपुर्द करने की बात कह रही है।

■ ज्यादा वेतन देने का लालच देकर कम वेतन देने का आरोप

# मल्टीलेवल पार्किंग के ऊपरी तल पर बनेगा 1000 सीटर आईटी टावर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी के कलेक्टोरेट पार्किंग के ऊपरी तल पर बीपीओ सेंटर और को-वर्किंग सेंटर को मिलाते हुए 1000 सीटर आईटी टावर बनेगा। इसके लिए नगर निगम ने निविदा बुलाकर कार्य शुरू कर दिया है। इस टावर के बनने से स्टार्टअप में दिलचस्पी रखने वाले युवाओं को एक छत के नीचे अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलेगा। प्रदेश के नव उद्यमी युवाओं को तकनीकी क्षेत्र में खुद का रोजगार स्थापित करने 1000 सीटर का आईटी इनोवेशन टावर बनाया जायेगा। इसमें करीब डेढ़ करोड़ खर्च होगा। इसके संचालन के लिए एजेंसी तय करने जल्द टेंडर किया जाएगा। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि नवाचार के माध्यम से स्टार्ट अप में रुचि रखने वाले युवा एक साथ बैठकर अपना कॅरियर संवार सकेंगे। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने स्थल निरीक्षण कर आईटी इनोवेशन टावर का कार्य प्राथमिकता के साथ पूरा करने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इस दौरान नगर निगम के अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा, सहायक अभियंता सोहन गुप्ता उपस्थित रहे।

■ स्टार्टअप में दिलचस्पी लेने वाले युवाओं को मिलेगा लाभ

# तनाव मुक्ति के लिए कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुलिस परेड ग्राउंड पर शुक्रवार को एसएसपी डॉ. संतोष सिंह ने जनरल परेड की सलामी ली। परेड में अन्य पुलिस अफसरों के साथ सभी थानों के टीआई, पुलिसकर्मी शामिल हुए। परेड निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने आठ अधिकारी कर्मचारियों को उनकी अच्छी वेशभूषा के लिए इनाम दिया। कुछ आरक्षकों के गणवेश गंदा पाये जाने से सजा दी गई। इस दौरान पुलिस के अधिकारी और जवानों ने शस्त्र ड्रिल, ट्रैफिक ड्रिल और अन्य अभ्यास किया। परेड के दौरान एसएसपी ने कई को इनाम और कुछ को सजा दी। पुलिस बल में अनुशासन बनाए रखने के लिए रक्षित केंद्र के परेड ग्राउंड पर जनरल परेड का आयोजन किया जाता है। परेड समाप्त होने के बाद पुलिसकर्मियों को तनाव मुक्त करने कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुनि सुधाकर ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा, मानसिक तनाव की समस्या वर्तमान युग की प्रमुख और जटिल समस्या है।

तनाव से छुटकारा पाने के लिए हमें आध्यात्म का सहारा लेना चाहिए। आध्यात्मिक नियमों से तनाव प्रबंधन संभव है।

## डकैतीकांड का फरार आरोपी पकड़ाया

भिलाई। फर्नीचर कारोबारी के यहां अंजोरा पुलिस चौकी क्षेत्र में हुए डकैती के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि फर्नीचर कारोबारी गनियारी रसमड़ा निवासी दिलीप मिश्रा और उनकी पत्नी को बंधक बनाकर डकैती की वारदात को अंजाम देकर फरार होने की घटना हुई थी। मकान से डकैतों ने करीब 35 तोला जेवरात, 26 हजार नगद लेकर फरार हुए थे। इसमें पुलिस ने पहले ही भंगू डावर और भूरसिंह चौहान पकड़ा था। इनके पूछताछ के बाद पुलिस ने एमपी निवासी फरार डकैत भील गिरोह का सदस्य टांडा मार्केट एमपी से कालाभाया गिरफ्तार किया है। फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## रोहित यादव ने संभाला पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष का पदभार

रायपुर।छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के नए अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने शुक्रवार को विद्युत सेवा भवन में पदभार संभाल लिया। उन्हें ऊर्जा विभाग के सचिव का भी जिम्मा दिया गया है। वे हाल ही में प्रधानमंत्री कार्यालय से प्रतिनियुक्ति से लौटे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताते हुए छत्तीसगढ़ को ऊर्जा के क्षेत्र में देश में अग्रणी राज्य बनाने की बात कही।डॉ. यादव ने कहा, छत्तीसगढ़ को पॉवर सरप्लस स्टेट के रूप में पूरे देश में पहचाना जाता है। केंद्र सरकार में ऊर्जा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की किसी भी बात का वजन होता है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में ऊर्जा के क्षेत्र में हमने बहुत सारा काम कर लिया है और आगे बहुत सारा काम करना है क्योंकि भविष्य में ऊर्जा की मांग पूरे देश ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ में भी बड़े स्तर पर बढ़ने वाली है इसलिए बड़े स्तर पर विस्तार की कार्ययोजना पर काम चल रहा है।

## पेज 11 के शेष

### जिले के एक लाख...

आए। पीएम किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत 18 वीं का अंतरण समारोह सह-ज़िला स्तरीय किसान सम्मेलन कृषि महाविद्यालय ढोलिया में किया गया है। मुख्य अतिथि विधायक बेमेतरा दीपेश साहू सहित कलेक्टर रणबीर शर्मा, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, ज़िला पंचायत अध्यक्ष रीना साहू, ज़िला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी, राजेंद्र शर्मा, सहित जनप्रतिनिधि, ज़िला अधिकारी, कृषि महाविद्यालय के डीन, प्रोफ़ेसर, किसान व गणमान्य नागरिक प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से वर्चुअल जुड़े। ज़िला प्रशासन द्वारा प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से वर्चुअल जुड़ने की व्यवस्था की गयी थी।

**दिवाली से पहले दी सौगात**- विधायक दीपेश साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजना किसानों के हित में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों की चिंता की और किसान भाइयों को दिवाली त्योहार से पहले किसानों की जेब में पैसा डालने का काम किया, ताकि किसान अपने परिवार के साथ दीवाली का त्यौहार अच्छे से मना सके।

### साइबर जन जागरूकता...

को अटेंड नहीं करना है, किसी भी प्रकार के ऑनलाईन लिंक पर क्लीक नहीं करना है। साथ ही साइबर फ्राड के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया।

उप पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार झा ने बताया कि साइबर जन जागरूकता पखवाडा कार्यक्रम 5 अक्टूबर से 19 अक्तूबर तक निरंतर चलेगा जिसके सफल संचालन एवं प्रचार-प्रसार हेतु प्रेस एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया की महत्वपूर्ण भुमिका रहेगी। सायबर सेल प्रभारी मयंक मिश्रा एवं प्रधान आरक्षक लोकेश सिंह ने प्रोजेक्टर के माध्यम से उपस्थित सभी थाना/चौकी प्रभारियों एवं सभी प्रेस एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के मौजूद रहे को सायबर अपराध से संबंधित हानि एवं बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया गया। वही

साइबर जन जागरूकता कार्यक्रम के सफल आयोजन व क्रियान्वयन हेतु साइबर जन जागरूकता रथ के माध्यम से जिले के थाना/चौकी क्षेत्रांतर्गत स्कुल, कॉलेज एवं सामाजिक संगठन/विभाग/आवासीय कॉलोनी को चिन्हांकित किया गया है जहां जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेजराम पटेल, एसडीओपी मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, थाना/चौकी प्रभारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### राजीव युवा मितान...

बल्लू साहू ,कैलाश टंडन,केशव आडिल भी उपस्थित रहे। कांग्रेस छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालो में मनीष वर्मा,तोरण वर्मा,सुजीत यादव,रोशन वर्मा,विकास ध्रुव,संतोष ध्रुव,अरुण ध्रुव,उमेश साहू,कमल साहू,इंदल चतुर्वेदी,नयन बंजारे प्रमुख हैं। सुजीत यादव ने कहा कि किसानों को पी एम सम्मान निधि मिल रही है, हमारी माताओ को महतारी वंदन के तहत प्रतिमाह हजार रुपये सीधे खाते में आ रहे हैं। ग्रामीण अंचल में भाजपा की नीतियों का व्यापक समर्थन और खुशियां हैं। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने दावा किया है कि बड़ी संख्या में जिले भर से राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य भाजपा की सदस्यता लेने के लिये उनसे संपर्क में हैं।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 6 अक्टूबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 मां दुर्गा की भक्ति में डूबा अंचल, मंदिरों और पंडालों ...



12 खंगारपाठ में हुआ रामायण जागराता कार्यक्रम...

# जिले के एक लाख 10 हजार किसानों के खाते में पहुंचे 22 करोड़

## प्रधानमंत्री मोदी ने जारी की किसान सम्मान निधि की 18 वीं किश्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के वाशिम से पीएम-किसान सम्मान निधि योजना की 18 वीं किश्त जारी की। इसके तहत देश के 9.4 करोड़ से अधिक किसानों को रुपये 20,000 करोड़ से अधिक की धनराशि ट्रांसफर की गई। वहीं बेमेतरा ज़िले के 1,10,376 किसानों को 22 करोड़ 7 लाख 52 हज़ार रुपये बैंक खाते में ट्रांसफ़र हुए।

पीएम-किसान योजना के तहत हर किसान परिवार को सालाना रुपये 6,000 की आर्थिक सहायता मिलती है, जो तीन बराबर किस्तों में दी जाती है। इस योजना का उद्देश्य किसानों की आर्थिक मदद कर उन्हें खेती-बाड़ी के लिए आवश्यक साधन उपलब्ध कराना है, जिससे उनकी आय में सुधार हो सके। पिछली बार 17 वीं किस्त 18 जून 2024 को ज़िले के 107388 किसानों को 22 करोड़ 47 लाख 76 हज़ार की राशि बैंक खातें में आयी थी। इस बार बेमेतरा ज़िले में 3012 नए किसान भी लाभार्थियों में शामिल हुए हैं।

पीएम किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत 18 वीं का अंतरण समारोह सह-ज़िला स्तरीय किसान सम्मेलन कृषि महाविद्यालय ढोलिया में किया गया। ज़िला प्रशासन द्वारा प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से वर्चुअल जुड़ने की व्यवस्था की गई। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 18 वीं किस्त बेमेतरा ज़िले के 1,10,376 किसानों को 22 करोड़ 7 लाख 52 हज़ार रुपये बैंक खाते में ⏭ शेष पेज 10 पर

- इस बार बेमेतरा ज़िले में 3012 नए किसान भी लाभार्थियों में शामिल हुए
- बेमेतरा से जनप्रतिनिधि व किसान कार्यक्रम से वर्चुअल जुड़े



### किसानों की पीड़ा को समझते हैं मोदी : दीपेश

विधायक श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री इसलिए चिंता करते है कि वह स्वयं खुद निम्न वर्ग के आदमी थे और उन्होंने किसान की भावनाओं को देखा और उनकी पीड़ा को क़रीब से जाना-समझा है। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जमीन से जुड़े हुए हैं इसलिए उन्होंने किसान की भावनाओं को समझा है और इसको देखते हुए कार्य कर रहे है। उन्होंने गरीब महिलाओं के लिए महीने महतारी वंदना योजना लागू की। इस योजना से गरीब पात्र महिलाओं के खाते में हर महीना 1000 रुपये आते हैं। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की उपलब्धि बतायी। सह-ज़िला स्तरीय किसान सम्मेलन कृषि महाविद्यालय ढोलिया में आयोजित कार्यक्रम को कलेक्टर रणबीर शर्मा, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल और राजेंद्र शर्मा ने भी संबोधित किया।

## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम॥

## कार्रवाई : मामले की कलेक्टर से शिकायत के बाद एसडीएम ने किया निलंबित

# श्रीराम मंदिर की जमीन अवैध तरीके से बेच दी गई, जांच में फंसे 2 पटवारी, निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा/नवागढ़

जिले में श्रीराम मंदिर की जमीन का मामला एक बार फिर गरमाया हुआ है। मंदिर की ज़मीन को भाजपा नेता की पत्नी के नाम अवैध तरीके से बेचने का मामला सामने आया है। मामले की शिकायत कलेक्टर से कर जमीन की बिक्री को रद्द करने की मांग की गई थी। मामले की जांच के बाद एसडीएम बेमेतरा ने 2 पटवारी को तत्काल प्रभाव के निलंबित कर दिया है। उधर, मामला उजगार होते ही जिले में बवाल मच गया। कांग्रेस इस मामले को लेकर आज प्रेस कांफ्रेंस करने वाली है। हालांकि भाजपा ने भी अपनी प्रतिक्रिया में सख्त कार्रवाई करने प्रशासन से कहा है। वहीं, इस मामले में दो पटवारी को तत्काल प्रभाव निलंबित कर जांच शुरू कर दी गई है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार प्रभा माहेश्वरी पति अनिल महेश्वरी निवासी बेमेतरा ने ग्राम मजगांव भूमि खसरा नं. 465 रक्बा 1.66 हे. को श्री रामचंद्र मंदिर ग्राम मजगांव के सर्वाकार दुलेश्वर साहू के साथ मिलीभगत करके भूमि को अपने नाम से विक्रय करा लिया है। दुलेश्वर साहू जो कि श्री रामचंद्र मंदिर ग्राम मजगांव का सर्वाकार है, उसे उक्त भूमि को विक्रय करने का कोई विधिक अधिकार नहीं है। न ही उसने छत्तीसगढ़ शासन से उक्त जमीन के विक्रय के लिए किसी भी प्रकार की अनुमति ली थी। प्रभा माहेश्वरी वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल माहेश्वरी की पत्नी हैं। उल्लेखनीय है कि ग्राम मजगांव भूमि खसरा नं. 465 रकबा 1.66 हेक्टेअर जमीन को श्री रामचंद्र मंदिर के रख-रखाव में होने वाले खर्च तथा मंदिर के विकास में लगाने के लिए मंदिर ने खरीदा है, जिसे बेचने का सर्वराकार को कोई अधिकार नहीं है।

- मंदिर के सर्वाकार दुलेश्वर द्वारा भाजपा नेता की पत्नी के नाम भूमि बेचने का आरोप

### मामले को लेकर कांग्रेस ने आज बुलाई प्रेस कांफ्रेंस



### राम मंदिर को दान में मिली है कृषि जमीन

मामले में बेमेतरा एसडीएम घनश्याम तंवर के जारी आदेश के मुताबिक, बेमेतरा के मजगांव में खसरा नंबर 465 रकबा 1.66 हे.भूमि मिशल बंदोबस्त सन 1984-85 में श्री रामचंद्र मंदिर सर्वाराकार गिरवर निजाम निवासी मजगांव के नाम पर दर्ज थी। उक्त भूमि पहले श्री रामचंद्र जी मंदिर के नाम पर रही है। यह जानकारी होते हुए भी बिक्री के लिए बी -1 खसरा की सत्यापित प्रतिलिपि प्रदान की गई है। यह कार्य सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 03 के विपरीत पाए जाने के कारण बेमेतरा तहसील में पदस्थ पटवारी कुंदन सिंह राजपूत और हरिप्रिया साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### भूमि किसान को बेचने की तैयारी

बता दें कि बेमेतरा जिला के मजगांव में श्री रामचंद्र मंदिर की भूमि खसरा नंबर 465 रकबा 1.66 हेक्टेयर की भूमि सन 2020 में मंदिर के सर्वाकार ने बेमेतरा निवासी प्रभा महेश्वरी को बेची। उसके बाद अब खरीदार प्रभा महेश्वरी यह जमीन एक किसान को बेच रही हैं, जिसे लेकर ग्रामीणों ने शुक्रवार को बेमेतरा कलेक्टर रणबीर शर्मा से शिकायत की है। मामले में संज्ञान लेते हुए बेमेतरा के कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देश पर मामले से जुड़े 02 पटवारी कुंदन सिंह राजपूत और हरिप्रिया साहू को तत्काल प्रभाव में एडीएम घनश्याम तंवर ने निलंबित कर दिया है।



# साइबर जन जागरूकता रथ को एसपी साहू ने दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

जिले के थाना व चौकी क्षेत्र में 5 से 19 अक्टूबर तक साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने शनिवार पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ कर साइबर जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखकर रवाना किया। इस दौरान एसपी रामकृष्ण साहू ने फेसबुक, वाट्सएप्प, इंस्टाग्राम, ट्वीटर, यूट्यूब एवं गुगल सर्च इंजन के माध्यम से होने वाले विभिन्न प्रकार की सायबर अपराध के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होने साइबर अपराध, चिटफंड, फर्जीकाल ठगी की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी अन्जान व्यक्ति को अपनी निजी जानकारी जैसे बैंक खाता नंबर एटीएम कार्ड नंबर एक्सपायरी डेट सीवीवी नंबर पिन नंबर ओटीपी पासवर्ड इत्यादि की जानकारी न दें। अपना आधार कार्ड सम्भाल कर रखे एवं आधार नंबर किसी अनजान व्यक्ति को न बतावे। फोन पर बैंक अधिकारी बनकर आपके बैंक खाता के संबंध में जानकारी मांगे तो जानकारी न दे क्योंकि बैंक द्वारा इस तरह की जानकारी नहीं मांगी जाती। यदि कोई शंका हो तो तुरन्त अपने बैंक से सम्पर्क करें। जरूरी होने पर अपने शिकायत करें। आपकी थोड़ी सी सजगता से कई गंभीर अपराध होने से बच सकता है। साइबर जागरूकता हेतु सेल्फी जोन भी बनाया गया। एसडीओपी मनोज तिर्की ने कार्यक्रम में साइबर अपराध के संबंध में बताया कि किसी भी अंजान व्यक्ति के वाट्सएप्प कॉल, वीडियो कॉल ⏭ शेष पेज 10 पर

- साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए 19 अक्टूबर तक लोगों को रथ के माध्यम से दी जाएगी जानकारी

## खबर संक्षेप



### लक्ष्मण प्रसाद वैद्य कन्या कालेज में हुआ जागरुकता कार्यक्रम

**बेमेतरा।** गर्ल्स कॉलेज में मेंटल अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ.आभा शशि कुमार मनोविशेषज्ञ मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कार्यक्रम में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य तथा शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन तथा अच्छे अधिगम के लिए एक मंत्र (रीड, रिरीड, रिवाइज एंड रिकॉल ) प्रदान किया गया जिससे बेहतर अधिगम कर विद्यार्थी अपना शैक्षणिक स्तर ऊंचा कर सकें। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को किशोरावस्था में होने वाले मानसिक एवं शारीरिक बदलावों तथा उनसे जुड़ी समस्यायों और उनके समाधान के विषय में वृहद जानकारी दी गई। संस्था प्रमुख डॉ विनिता गौतम ने डॉ. आभा शशि कुमार को धन्यवाद कर विद्यार्थियों को अपने जीवन में इन जानकारियों को शामिल कर एक बेहतर व्यक्तित्व के निर्माण करने को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में संस्था आईक्यूएसी प्रभारी डॉ टिकेंद्र वर्मा तथा समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर मेघा तिवारी ने किया।

### पेंशनर समाज तहसील इकाई गुरुर की बैठक कल

**गुरूर।** पेंशनर समाज तहसील ईकाई गुरुर की मासिक बैठक 7 सितंबर को अपरान्ह 01 बजे से शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भवन बोहारा में आयोजित की गई है। छत्तीसगढ़ राज्य पेंशनर समाज तहसील ईकाई गुरुर अध्यक्ष सेवाराम तेजस्वी ने बताया कि बैठक में आय–व्यय की समीक्षा, नये सदस्यों का अभिनन्दन, नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष बालोद का अभिनन्दन किया जाएगा।

# राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों ने छोड़ी कांग्रेस, भाजपा में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

ग्राम पंचायत नवलपुर, ढारा के राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों ने सामूहिक रूप से काँग्रेस छोड़कर जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी और डॉ सौरभ निर्वाणी के समक्ष भारतीय जनता पार्टी की डिजिटल सदस्या ग्रहण कर ली। इस दौरान उन्होंने जिले के मंत्री दयाल दास बघेल के कार्य शैली से प्रभावित होने की बात कही। सुजीत यादव और उनके साथियों को डिजिटल सदस्यता के उपरांत जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने भगवा गमछा ओढ़ाकर भाजपा के रीति नीति के अनुरूप संगठन के निर्देशों का पालन करते हुए समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्तियों के लिए कल्याणकारी नीतियों को पहुचाने की शपथ भी दिलाई। इस दौरान अखिल भारतीय छत्तीसगढी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी के साथ, कृषि समिति के सभपति लाला भारती, भाजपा नेता ⏭ शेष पेज 10 पर

- जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने दिलाई भाजपा की सदस्यता



# लोगों ने देर रात तक लिया भक्ति गीतों का आनंद







हरिभूमि न्यूज ⏭ साजा

मोर महतारी दुर्गा उत्सव समिति तीसरे वर्ष नवरात्रि के प्रथम जगराता पार्श्व गायिका अल्का चन्द्राकार परगनिहा मोर फुलवारी कार्यक्रम का आयोजन समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, विधायक ईश्वर साहू पूर्व विधायक अवधेश चंदेल समिति के संरक्षक लाल शौर्यजीत सिंह प्रेरणा सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान दुर्गा समिति के संरक्षक लाल शौर्य जीत के जन्मदिन के अवसर पर अतिथियों ने बधाई दी। देर रात तक चल जगराता कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल ने भी अपने गीतों से लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष कमलनारायण सिंह एवं समिति के सदस्य चन्द्र प्रकाश पंवार प्रमोद वर्मा दिनेश वर्मा भगवानी पटेल संतोष सिंह तोरणलाल सिन्हा प्रतिक चौबे राजा चौबे सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन मनोज राजपूत ने किया।

# बैगलेस डे और मेगा बैठक में बच्चों ने दी रास-गरबा की शानदार प्रस्तुति

**बेमेतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला राखी विकासखंड साजा में पालक शिक्षक द्वितीय मेगा बैठक हुई। इसमें पालकों से बच्चों के त्रैमासिक आकलन पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही कक्षा में सबसे अधिक अंक लाने वाले 6वी से तीरथ और मीनाक्षी,7वी से विशंभर और अंजली और कक्षा 8वी के रश्मि और सुधा को ईनाम स्वरूप पेन दिया गया। साथ ही बच्चों के स्तर पर चर्चा हुई। अपार आईडी के बारे में विस्तृत जानकारी पालकों को दी गई। साथ ही बस्ताविहीन शनिवार के अन्तर्गत नवरात्री में देवी मां के नौ रूपों के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों के द्वारा बहुत सुंदर और मनमोहक गरबा नृत्य की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर प्रधान पाठिका गायत्री जोगी, शिक्षिका सरोज साहू, नीलम देवांगन, कमलेश्वरी साहू की सहभागिता रही। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राकेश टंडन, सुनील साहू, मनोहर खरे, संतूराम, मंजू, रामेश्वरी, दूरपति, दुलारी, सुरेश साहू आदि उपस्थित रहे।



## शासकीय प्राथमिक शाला देवरी में मेगा बैठक के दौरान पालकों ने देखा बच्चों का हुनर

# कक्षा 5वीं के डिकेश ने बुजुर्गों के लिए बनाई छड़ी, अंधेरे में राह भी दिखाएगी, कुछ गिरा तो बिना झुके उठा सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला देवरी विकासखण्ड बेरला में पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। इसके साथ ही बच्चों द्वारा बनाए गए कबाड़ से जुगाड़, चित्र चार्ट पोस्ट प्रदर्शनी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कबाड़ से जुगाड़ अंतर्गत बच्चों द्वारा वेस्ट मटेरियल से अपनी कल्पना को रचनात्मक आकर देते हुए बहुत ही सुंदर-सुंदर घर, मंदिर, गाड़ियां, गुल्लक वृद्धि व्यक्तियों के लिए छड़ी बनाए। कक्षा पांचवी के डिकेश साहू ने बिजली के वेस्ट पाइप से वृद्ध व्यक्तियों के लिए एक छड़ी बनाई है, जो कि बहुत ही उपयोगी है। इस छड़ी में लाइट लगी जो बैटरी से जलती है। यह रात के अंधेरे में राह भी दिखाएंगी और कोई सामान नीचे गिर गया चाबी, सिक्का वगैरह है तो उसे उठाने के लिए छड़ी के नीचे में चुंबक भी लगा हुआ है, जिससे वृद्ध व्यक्ति को झुकना भी नहीं पड़ेगा और वह अपना सामान आसानी से उठा पाएंगे। बैठक में शिक्षकों द्वारा सभी बच्चों की त्रैमासिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिका (त्रैमासिक परीक्षा परिणाम)का अवलोकन पालकों को कराया गया। बच्चों के बेहतर शैक्षिक स्तर एवं नियमित उपस्थिति, नवोदय परीक्षा, उपचारात्मक शिक्षण एवं बच्चों की नियमित उपस्थिति पर पालकों से सकारात्मक बातचीत की गई। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष अमोली राम साहू उपाध्यक्ष तारामती साहू ,उप सरपंच पखन साहू, संकुल समन्वयक ओम प्रकाश साहू प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला ठाकुर राम साहू, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला पूर्णिमा नेताम, शिक्षक मनोज कुमार वर्मा, ओंकार प्रसाद वर्मा, शिक्षिका मेनका साहू, पालक सुखवंती यादव ,शकुंतला साहू, बेनीराम साहू, सुनीता साहू सहित कुल 107 पालक उपस्थित रहे।

- कबाड़ से जुगाड़ कर लगाई गई वस्तुओं की लगाई गई प्रदर्शनी

### किसी ने स्कूल का मॉडल बनाया, किसी ने राम मंदिर

हिना, साक्षी, वेदिका, रितेश रितांशु इन सभी बच्चों ने पुट्ठे से कच्चा घर व पक्का घर बनाए, धनेश्वर साहू ने स्कूल का मॉडल बनाया, रोशनी ने गुल्लक, मयंक ने आइसक्रीम ठेला, रोहन, हुलेश्वर ने ट्रक, लक्ष्य निषाद ने बैलगाड़ी, पीयूष, लीलाराम, वंश ने गुब्बारे वाली गाड़ी, ईशान ने राम मंदिर बनाया है। विकास, आदित्य, पूरब, रोशनी काम्या तरुण ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं पोषण आहार से संबंधित चित्र चार्ट पोस्टर बनाएं। बैठक में आए सभी पालकों ने बच्चों द्वारा बनाए मॉडलों की बहुत सराहना की।



पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### सेजस हसदा में लगी भूगोल मॉडल प्रदर्शनी

**बेमेतरा।** स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा के कक्षा ग्यारहवीं कला के छात्रों ने भूगोल मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया। जिसमें पृथ्वी के आंतरिक संरचना,
दिन व रात का मॉडल, सोलर सिस्टम, ज्वालामुखी के प्रकार, चंद्र ग्रहण सूर्य ग्रहण के मॉडल का प्रदर्शन किया। स्कूल के भूगोल के व्याख्याता राकेश कुमार ने बताया की सभी वर्किंग मॉडल थे जिसमें छात्रों को समूह में विभाजित कर के इस मॉडल को बनाया गया था । प्राचार्य दुष्यंत परगनिहा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से छात्रों में विषय के प्रति रुचि बढ़ती है और वैज्ञानिक सोच का विकास होता है। निर्णायकों ने सोलर सिस्टम के मॉडल को प्रथम व पृथ्वी के आंतरिक संरचना मॉडल को द्वितीय स्थान दिया व सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र वितरण किया। इस प्रदर्शनी में स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

### स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में हुई पालक-शिक्षक बैठक



**बेमेतरा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में शिक्षक-पालक विद्यार्थी मेगा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम प्राचार्य कविता बाचपेयी जी द्वारा बैठक का औचित्य बताते हुए विद्यालय की छात्राओं को मिलने वाली विभिन्न योजनाओं, गतिविधियों, उपलब्धियों एवम्‌ समस्याओं से पालकों को अवगत कराया। वरिष्ठ व्याख्याता एस. एन. अली ने आपार आई डी के बारे में विस्तार से बताया। डीआर साहू ने एफए- 2 परीक्षा परिणाम से पालकों को अवगत कराया। पालकों में नारायण प्रसाद साहू ने विद्यालय की गतिविधियों में पालकों का पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए कुछ महत्त्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में यशवंत कुमार बांधे एवं श्री डोंडे ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन योगेन्द्र वर्मा व्याख्याता ने एवं आभार प्रदर्शन संतोष मिश्रा ने किया। बैठक में हिरेंद्र साहू, सावित्री शर्मा, ज्योति परमार, कौशल वर्मा, प्रवीण मनहरे आदि शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित थे।

### सिंघौरी में हुई पालक-शिक्षक बैठक



**बेमेतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी में पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन शिक्षक एवं पालकों के बीच किया गया। बैठक में पालक के रूप में गायत्री सोनी, सविता देवार, देवसिंग साहू,पीलूराम वर्मा,हीरालाल साहू,रजनी साहू,कैलाश श्रीवास, कुमारी साहू,भागीरथी रजक,शोभन वर्मा,छबिलाल वर्मा,जागेश्वर साहू,शेरसिंह साहू सहित शाला परिवार से संस्था प्रमुख मीनाक्षी शर्मा संकुल समन्वयक धनीराम बंजारे सहित सरस्वती साहू,आगेश्वरी साहू,प्रशांत बघेल उपस्थित रहे। बैठक में मेरा कोना, छात्र दिनचर्या, बच्चों ने आज क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा, पुस्तक की उपलब्धता सुनिश्चित करना, बस्तर रहित शनिवार, विद्यार्थियों के आयु कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र, न्योता भोज, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, छात्रवृत्ति एवं विभागीय योजना की जानकारी, विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से शिक्षा के लिए प्रतिफलों एवं त्रैमासिक परीक्षा के परिणाम साथ ही साथ लंबी अनुपस्थिति वाले बच्चो को शाला लेन हेतु योजना सम्बंधित मुद्दों पर चर्चा की गई।

**नवरात्रि :** जिला मुख्यालय सहित अंचल में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई जा रही है नवरात्रि

# मां दुर्गा की भक्ति में डूबा अंचल, मंदिरों और पंडालों में देवी जस गीतों पर झूम रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेरला

शारदीय नवरात्रि पर देवी मंदिरों व चौक चौराहों के पंडालों में विराजे माता रानी की प्रतिमा नवरात्रि का पर्व श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। बेरला ब्लॉक के ग्राम मनियारी में शारदीय नवरात्रि के पर्व महादेव गौरा गौरी चौंक पर माँ दुर्गा अम्बे की प्रतिमा स्थापित किया गया। जहां जय अम्बे समिति द्वारा सौंदर्य व आकर्षक रूप से माँ अम्बे के पंडाल को सजाया गया। इसे देखने बड़ी संख्या में दर्शनार्थी पहुंच रहे हैं। साथ ही माता रानी के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। प्रतिदिन पूजा अर्चना के लिए ग्रामीण बड़ी संख्या में सम्मिलित हो रहे है। इसी के साथ शाम को सेवा व जस गीतों की धुन में झूमते व नाचते रहे और माता रानी की जयकारे लगाते नजर आए। जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में जस गीत सुनने को पहुंचे। इस दौरान ग्राम सिंघौरी से सेवा समिति महादेव गौरा गौरी जय अम्बे चौंक मनियारी पहुंच माता रानी सेवा व जस गीतों से सुशोभित किया गया। जिसमें सेवको द्वारा झुपत आबे ओ, झूपत आबे मैय्या झुपत आबे ओ, सक्ति बने तै समाए, तै समाए ओ माता गीतों से माता रानी की बखान कर भक्ति की भाव-विभोर में पूरे ग्रामीण आनंदमय हुए। इस के साथ जय अम्बे की जयकारे लगाते गए।

■ मनियारी महादेव गौरा-गौरी जय अम्बे चौक में सेवा जसगीत की धुन सुनने पहुंचे श्रद्धालु





**अमोरा, जेवरी व बीजाभाट में पहुंचे पूर्व विधायक छाबड़ा**

बेमेतरा। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ग्राम पंचायत जेवरी,अमोरा,एवं बीजाभाट में विभिन्न स्थानों पर विराजमान माता दुर्गा देवी जी के दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के जनता के लिए की मंगल कामना की प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने सेवा मंडली भजन के माध्यम से ग्राम वासियों के बीच में बैठकर देवी जस गीत का रसपान किया। इस अवसर पर उपस्थित मोहित वर्मा पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति द्वारका प्रसाद पांडे सुखराम वर्मा महानंद यादव सहित जन सेवा समिति के सभी सदस्य व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## अंचल में जगमगा रहे आस्था के हजारों जोत, माता की भक्ति में डूबे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

अंचल में इन दिनों नवरात्रि के अवसर पर लोग माता की भक्ति में डूबे हुए हैं। माता के मंदिरों में 3 अक्टूबर को घट स्थापना के बाद ज्योति प्रज्ज्वलित की गई। इसके साथ ही अनेक स्थानों पर पंडालों में माता दुर्गा के विभिन्न रूपों की प्रतिमाओं की स्थापना कर पूजा-अर्चना की जा रही है। इसी तरह ग्राम दरगहन में माता शीतला प्रांगण में क्वांर नवरात्रि में जोत जलाए गए हैं। ग्रामीण अध्यक्ष देवचंद साहू, मोहन साहू, कबिलास ठाकुर, पुनाराम साहू, विक्रम यादूराम, संतोष संतुराम, झगरू राम ने बताया कि क्वांर नवरात्रि पर माता शीतला के प्रांगण में जोत जलाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मंदिर में वर्तमान में 10 जोत जलाए गए हैं, जहां प्रतिदिन ग्रामीण सेवा भाव से पूजा अर्चना कर रहे हैं।



### मां भरारीपाट मंदिर में जगमगाई आस्था की ज्योति

**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम बोरगहन (फुण्डा) स्थित मां भरारीपाट मंदिर में प्रति वर्ष यहां साल के दोनों नवरात्र पर्व पर भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योति कलश का स्थापना की गई है। इस क्वांर नवरात्रि के पावन अवसर पर भी माता के भक्तों द्वारा 90 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया गया है। मंदिर के पुजारी साहू ने बताया कि मंदिर स्थल पर रोज सुबह शाम माता जी की आरती पूजा-अर्चना होती है एवं शाम को प्रतिदिन स्थानीय व आस पास माता सेवा मंडली के द्वारा माता सेवा गायन किया जाता है।

## खंगारपाठ में हुआ रामायण जागराता कार्यक्रम, बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

विधानसभा के ग्राम खंगारपाठ में राम जानवी रामायण जागराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ पूर्व जनपद सदस्य मानसिंह वर्मा, संरपच डिम्पी वर्मा, और अन्य प्रमुख स्थानीय नेता भी इस धार्मिक आयोजन में उपस्थित रहे। इस दौरान श्री तिवारी ने कहा कि यह समय हमें धार्मिकता, प्रेम और समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि रामायण जैसे धार्मिक ग्रंथों का पाठ हमें नैतिकता और सामाजिक एकता की दिशा में प्रेरित करता है।



तिवारी ने आगे कहा कि इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि यह ग्रामीण जीवन में स्थिरता और समृद्धि लाने में योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गांवों के विकास के प्रति प्रतिबद्ध है और किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है। गौरतलब है कि नवरात्रि का समय देवी मां की पूजा और शक्ति की आराधना का समय है। इस दौरान जगह जगह जागराता कार्यक्रमों का आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और धार्मिकता का संचार करता है। ग्रामीण समुदाय के लोग एक साथ आकर इस धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेते हैं और देवी मां से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य, मानसिंह वर्मा, संरपच डिम्पी वर्मा, खेदू निषाद, बिशरू यादव, प्रेमलाल निषाद,अमृत वर्मा, विजय वर्मा, नोहरलाल, बाबूलाल निषाद सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## कालेज, बाजार व व्यापारिक प्रतिष्ठानों में पहुंचे भाजयुमो के कार्यकर्ता, बनाए सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

भाजपा सदस्यता अभियान को गति देने युवा मोर्चा के नेतृत्व में निकाली जा रही रथयात्रा शनिवार को नवागढ़ पहुंची। नवागढ़ में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने रथयात्रा निकाल कर कालेज, बाजार, व्यापारिक प्रतिष्ठान आदि में युवाओं से सम्पर्क कर पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान सुरेन्द्र साहू प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख, रोहन ठाकुर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं परमेश्वर वर्मा जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

■ नवागढ़ में भाजयुमो के सदस्यता रथ ने किया भ्रमण

कालेज में जनसम्पर्क के दौरान सुरेन्द्र साहू ने कहा कि पहली सितंबर से भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान आरंभ हुआ है और सदस्यता अभियान के एक माह के उपरांत करोड़ों लोगों ने बढ़चढ़ कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। भाजपा के सदस्यता कार्यक्रम को निरंतर तीव्र गति प्रदान करने भाजयुमो द्वारा भाजपा सदस्यता रथ का परिचालन समूचे प्रदेश में चलाया जा रहा है।



रोहन ठाकुर ने कहा कि भाजपा सदस्यता रथ गांव-गांव तक पहुंचेगा। कॉलेज, छात्रावास का भ्रमण कर अधिक से अधिक सदस्य बनाने के लक्ष्य को पूरा कर रहा है। जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा ने कहा कि सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सतत कार्य कर रहा है, लोगों के बीच भाजपा सदस्यता को लेकर हर जगह भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम प्रभारी सोम ठाकुर ने कहा कि यह सदस्यता अभियान युवाओं को जोड़कर सशक्त भारत बनाने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री टीकम गोस्वामी ने किया। इस दौरान युवा मोर्चा जिला महामंत्री समीर वर्मा, तारण राजपूत ओमकार साहू, महेश टण्डन, यशवंत कोशले, संकल्प शुक्ला, यशु बंजारे, बेदराम साहू, लोकेश साहू सहित अन्य युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षकों और पालकों ने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेरला

विकासखण्ड बेरला के संकुल स्तर पर आयोजित मेगा पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बेरला ब्लॉक के ग्राम परपोड़ा के संकुल केंद्र के सभी शालाओं में शाला स्तर पर पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। शासकीय प्राथमिक शाला नया पारा परपोड़ा में समन्वयक ईश्वर लाल निर्मलकर ने पालकों से बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता पर चर्चा की गई। साथ ही पालकों को तिमाही परीक्षा में बच्चों की स्थिति की जानकारी दी गई। बालकों के रहन-सहन पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में अभिभावक, शिक्षक और शिक्षाविद उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अभिभावकों और शिक्षकों को छात्रों के साथ अधिक से अधिक संवाद बढ़ाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि छात्रों की समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने के लिए खुला संवाद आवश्यक है। इसके साथ ही, उन्होंने नियमित उपस्थिति, होमवर्क की समय पर समीक्षा एवं परीक्षाओं की तैयारी में सहायता करने की भी महत्व पर जोर दिया। साथ ही बैठक में ईश्वर लाल निर्मलकर ने छात्रों की मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और पर्याप्त नींद बच्चों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण है। जिस पर अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को डिजिटल युग में सुरक्षित और सही दिशा में मार्गदर्शन करें। इस संबंध में अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई में सक्रिय भूमिका निभाने की सलाह दी। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला परपोड़ा के शालाओं के पालक (अभिभावक) एवं शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रहे।

■ संकुल केंद्र परपोड़ा में हुआ पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन






## बासीन स्कूल में पालकों ने अपने बच्चों की उत्तरपुस्तिकाओं का किया अवलोकन

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला डीहपारा बासीन विकासखण्ड साजा में पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित पालकों को बच्चों के स्तर पर चर्चा करते हुए त्रैमासिक आकलन की कापी पालकों दिखाया गया। पालकगण अपने बच्चों के पेपर का अवलोकन किया। इस बैठक में अपार कार्ड, मध्यान भोजन, नेवता भोजन, नियमित उपस्थिति, रीडिंग कार्नर, शनिवार बस्ता विहिन शाला, आय, जाति प्रमाण पत्र, की जानकारी विषयों पर सविस्तार चर्चा हुई। शिक्षकों से चर्चा करते हुए अध्ययन स्तर को और कैसे बेहतर बनाए इस पर अपनी बात रखे। संस्था के प्रधान पाठक गोपी चरण साहू ने बताया कि शिक्षक पालक बैठक पूर्णतःबच्चों की शिक्षा पर आधारित है। बच्चों द्वारा विभिन्न कौशलो पर अपनी अभिव्यक्ति का प्रर्दशन कर पालकों को प्रभावित किया। उक्त कार्यक्रम में शाला के शिक्षिका सीमा रानी देवांगन रसोइया रेखा बाई, जमुना ठाकुर सफाई कर्मचारी पुन्नी लाल ठाकुर सहित किशन निषाद, जगदीश, पीला राम, ह्दय निषाद, धनेश वर्मा, नारायण, चंपू निषाद, किरण, सलमा, कलेशिया, रूबिना बी, सेवाराम, सेवक ठाकुर, आदि पालकगण उपस्थित रहे।



**पालक-शिक्षक मेगा बैठक में हुए शामिल**

## शाला में 100 प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों को किया गया पुरस्कृत

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय बलौदीकला में 5 अक्टूबर को मेगा पालक मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें दोनों विद्यालय के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सदस्य और पालक सहित 55 लोग उपस्थित रहे। इनके समक्ष बच्चों का त्रैमासिक परीक्षा परिणाम घोषित कर उनसे निवेदन किया गया आप अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजिए साथ ही जो गृहकार्य दिया जाता है, उसे पूरा करने के लिए प्रेरित करिए। कार्यक्रम में सितंबर माह 100 प्रतिशत उपस्थित 8 बच्चों को सम्मानित किया गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कोमल साहू, जितेंद्र निषाद उपाध्यक्ष दुगेश्वर साहू, उपसरपंच ठाकुर राम पटेल, तारकेश्वर साहू, संतोष पटेल, चेतन साहू, मुकेश साहू, कन्हैया लाल, देवलाल, टिकेश्वर निषाद, देवकी, रेवती, चुन्नी, गंगा बाई, लोकिन साहू, जमुना, लक्ष्मी , सवाना बाई, मधु वर्मा, नीरा साहू, सैगिया यादव, सरिता पटेल, प्रमिला पटेल सहित प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे। प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय बलौदीकला में 05/10/2024 को मेगा पालक मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें दोनों विद्यालय के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सदस्य और पालक सहित 55 लोग उपस्थित रहे। इनके समक्ष बच्चों का त्रैमासिक परीक्षा परिणाम घोषित कर उनसे निवेदन किया गया आप अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजिए साथ ही जो गृहकार्य दिया जाता है उसे पूरा करने के लिए प्रेरित करिए। कार्यक्रम में सितंबर माह 100% उपस्थित 8 बच्चों को सम्मानित किया गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कोमल साहू, जितेंद्र निषाद उपाध्यक्ष दुगेश्वर साहू, उपसरपंच ठाकुर राम पटेल, तारकेश्वर साहू, संतोष पटेल, चेतन साहू, मुकेश साहू, कन्हैया लाल, देवलाल, टिकेश्वर निषाद, देवकी, रेवती, चुन्नी, गंगा बाई, लोकिन साहू, जमुना, लक्ष्मी, सवाना बाई, मधु वर्मा, नीरा साहू, सैगिया यादव, सरिता पटेल, प्रमिला पटेल सहित प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

